दैनिक

प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 176 मुरादाबाद, 15 October 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्रथम नवरात्री शैलपुत्री

वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम। वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशंस्विनिम।।

मां दुर्गा का पहला स्वरूप शैलपुत्री का है। पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनको शैलपुत्री कहा गया। यह वृषभ पर आरूढ़ दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में पुष्प कमल धारण किए हुए हैं। यह नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। नवरात्रि पूजन में पहले दिन इन्हीं का पूजन होता है। प्रथम दिन की पूजा में योगीजन अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योग साधना शुरू होती है।

मिशन शक्ति 4.0 का हुआ आगाज, सीएम योगी बोले- सरकार के सहयोग से महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति की सफलता का ही परिणाम है कि भारत सरकार ने भी महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम मिशन शक्ति रखा है जो यह दर्शाता है कि जब कोई भी इनिशिएटिव समाज में व्यापक जागरूकता का बड़ा माध्यम बनता है तो उसे राष्ट्रव्यापी बनने में देर नहीं लगती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना कर किया, जो राजधानी के विभिन्न पड़ाव से होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के जरिये केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं-बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से रूबरू कराया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में वर्ष 2020 में महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसकी थीम थी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन। तीन मुद्दों को लेकर शुरू हुआ कार्यक्रम आज मिशन शक्ति के नाम से जाना जाता है। इस कार्यक्रम ने प्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने के साथ पूरे देश में महिला संबंधी अपराध को नियंत्रित करने और अपराधियों को सजा दिलाने वाले राज्यों में अग्रणी राज्य बन गया। इसलिए रखा गया मिशन शक्ति नाम- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति की सफलता का ही परिणाम है कि भारत सरकार ने भी महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम मिशन शक्ति रखा है, जो यह दर्शाता है कि जब कोई भी इनिशिएटिव समाज में व्यापक जागरूकता का बड़ा माध्यम बनता है तो उसे राष्ट्रव्यापी बनने में देर नहीं लगती है। मिशन शक्ति के इस चौथे चरण का भी यह उद्?देश्य है।कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुचाएं सीएम योगी ने कहा कि सरकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाती है, लेकिन जिनके लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है उन्हे इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती। इसकी वजह से वह इसका लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया है। इसके बाद प्रदेश के हर जनपद के स्कूल, कॉलेज में प्रभात रैलियां निकाल जाएंगी। इसके अलावा उन जनपदों में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को लेकर अच्छा काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।सीएम योगी ने कहा कि वहीं 15 अक्टूबर से हर शहर, गांव और नगर निकायों के वार्ड में केंद्र और राज्य सरकार की महिला संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान सरकार की ओर से महिलाओं और बेटियों की रक्षा से संबंधित उठाए गए विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया जाएगा। पहले प्रदेश में लोग महिलाओं के बारे में बोलते थे कि वह बहुत पढ़ी-लिखी नहीं है तो वह क्या काम कर पाएंगी, लेकिन हमारी सरकार ने इस धारणा को बदला।सीएम योगी ने कहा कि आज बीसी सखी, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी बन कर वह गांव में बैंक की कमी को पूरा कर रही हैं। इतना ही नहीं वह गांवों के लोगों की विपत्ति के समय में मदद भी कर रहीं हैं। इन महिलाओं को सरकार की ओर से छह माह का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सरकार ने मानदेय भी दिया। इनमें सबसे कम 25 हजार रुपये और सबसे अधिक सवा से डेढ़ लाख तक महिलाएं कमा रहीं हैं। इस प्रयास को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले वर्ष 2019 में तीसरी और पांचवीं पास महज पांच से सात महिलाओं का सपोर्ट करते हुए सरकार ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर की स्थापना की। पिछले 3 वर्षों में इनका कारोबार प्रति वर्ष डेढ़ सौ करोड़ के टर्नओवर तक पहुंच गया है और लगभग 15 से 16 करोड़ का नेट प्रॉफिट होता है। उन्होंने 40,000 महिलाओं को अपने साथ जोड़ लिया है। सीएम योगी ने कहा कि खुद में इच्छा शक्ति, सरकार और प्रशासन का समर्थन हो तो महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं।

शोहदों पर कार्रवाई का डाटा सरकार को देना होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे बड़ा आबादी वाला राज्य है। ऐसे में आधी आबादी के लिए विशेष प्रयास होने चाहिये। मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत रैली का शुभारंभ इसे ही दर्शाता है। 15 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में महिलाओं को जागरूक करने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके साथ ही महिला और बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले से सख्ती से निपटा जाएगा। इसको लेकर सख्त आदेश दिए गए हैं, क्योंकि सरकार पहले ही लोगों को सुधरने का काफी समय दे चुकी है। वहीं ऐसे लोगों से सख्त से निपटने के लिए थाना स्तर पर कार्रवाई का रिकॉर्ड भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। ये नेता रहे मौजूद-अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को मिशन शक्ति के चौथे चरण के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी विजय कुमार, विशेष पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन नीरा रावत, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पद्मजा चौहान आदि उपस्थित थे।

भारत-लंका नौका सेवा का शुभारंभ वास्तव में बड़ा कदम, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका में जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा की शुरुआत लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए एक वास्तव में बड़ा कदम है। नौका सेवा के शुभारंभ पर जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी सहयोग और संपर्कों पर ध्यान देने के साथ भारत का अपने निकटतम देशों के लिए उदार और दूरदर्शी दृष्टिकोण है। भारत और श्रीलंका के बीच हुई नौका सेवा की शुरुआत- तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका में कांकेसंथुराई तक नौका सेवा- प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने दी थी मान्यताविदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका में जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा की शुरुआत लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए एक वास्तव में बड़ा कदम है। नौका सेवा के शुभारंभ पर एक आभासी समारोह में जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी, सहयोग और संपर्कों पर ध्यान देने के साथ भारत का अपने निकटतम देशों के लिए उदार और दूरदर्शी दृष्टिकोण है। भारत-श्रीलंका के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए यह बड़ा कदम- उन्होंने कहा, भविष्य में हम ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइन और आर्थिक गलियारे पर विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही निश्चित रूप से श्रीलंका में सभी को समान सम्मान और समान अधिकारों के साथ रहने के लिए समर्थन दिया जाएगा। भारत द्वीप राष्ट्र में तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके लिए सम्मान और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए कोलंबो को संदेश देता रहा है। नौका सेवा जुलाई में दोनों देशों के नेताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप शुरू की गई थी। जयशंकर ने कहा, भारत और श्रीलंका के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क के लिए यह वास्तव में एक बड़ा कदम है। इसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मान्यता दी थी।

महाराष्ट्र में जनता पार्टी परिवार के छोटे- छोटे दलों से हाथ मिलाएंगे उद्धव ठाकरे

उद्धव ठाकरे आगामी 15 अक्तूबर रविवार को राज्य के समाजवादी जनता परिवार के सभी दलों और संगठनों के साथ बैठक करेंगे। चर्चा है कि इस बैठक में समाजवादी जनता पार्टी-जदयू आदि और शिवसेना (यूबीटी) के बीच गठबंधन पर अंतिम फैसला लिया जाएगा... शिवसेना में दो फाड़ के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे प्रदेश में नई राजनीतिक जमीन तैयार करने के लिए पूर्व की जनता पार्टी से संबंधित सेकुलरवादी छोटी-छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन करने की तैयारी में हैं। कांग्रेस और एनसीपी जैसी पार्टियों के साथ गठबंधन कर सत्ता में आने के बाद अब 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उद्धव ठाकरे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष विचारों की पोषक जनता परिवार की उन पार्टियों से हाथ मिलाने की तैयारी में है जो सूबे की राजनीति में दशकों से हाशिए पर हैं। उद्धव ठाकरे आगामी 15 अक्तूबर रविवार को राज्य के समाजवादी जनता परिवार के सभी दलों और संगठनों के साथ बैठक करेंगे। चर्चा है कि इस बैठक में समाजवादी जनता पार्टी-जदयू आदि और शिवसेना (यूबीटी) के बीच गठबंधन पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। यह बैठक बांद्रा स्थित एमआईजी क्लब में होगी, जिसमें डेढ़ सौ लोगों को आमंत्रित किया गया है। जनता दल (यू) के महासचिव और राज्य विधान परिषद के सदस्य कपिल पाटिल के अनुसार इससे पहले 24 अगस्त को पुणे में बैठक हो चुकी है। मुंबई में दूसरी बैठक हो रही है जिसमें उद्धव ठाकरे अन्य नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इस बैठक में समाजवादी जनता परिवार के नेताओं के अलावा विचारक, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रमिक संगठनों के नेता भी हिस्सा लेंगे। पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र में समाजवादी जनता परिवार से संलग्न पार्टी और संगठनों का करीब 7 से 8 फीसदी वोट है। यह वोटबैंक जुड़ने से शिवसेना ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन और अधिक मजबूत होगा।

शिवसेना 22 बार कर चुकी है समाजवादियों के साथ गठबंधन

दिवंगत बाल ठाकरे ने 19 जून 1966 को शिवसेना की स्थापना की थी। तब से लेकर अब तक शिवसेना 22 बार धर्मनिर्पेक्ष, समाजवादी पार्टियों के साथ गठबंधन कर चुकी है, जिसमें मुस्लिम लीग भी शामिल रही है। दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री जार्ज फर्नांडिस के साथ शिवसेना के गठबंधन को मुंबई में अब भी याद किया जाता है। शिवसेना ने 1968 में पहली बार बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का चुनाव लड़ा था। तब बाल ठाकरे ने प्रजा समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता मधु दंडवते के साथ गठबंधन किया था। उसके बाद 1973 में रिपब्लिकन पार्टी (गवई गुट) से समझौता किया था। मुंबई में कांग्रेस की मदद से शिवसेना का पहला महापौर बना था। उस समय शिवसेना ने सुधीर जोशी को महापौर बनाने के लिए मुस्लिम लीग से भी हाथ मिलाया था।

चेन्नई के होटल में सोनिया की कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक, प्रियंका भी हुई शामिल

सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी आज चेन्नई के एक निजी होटल में कांग्रेस के नेताओं, सांसदों और विधायकों के साथ बैठक की। तमिलनाडु के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद और विधायकों ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा से एक निजी होटल में मुलाकात की। सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा फिलहाल चेन्नई में मौजूद हैं। वे यहां द्रमुक महिला अधिकार सम्मेलन में शामिल होने के लिए आई हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दोनों कांग्रेसी नेताओं का स्वागत करने हवाईअड्डे पर पहुंचे थे। उनके साथ डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि और टीआर बालू भी वहां मौजूद थे। दरअसल, तमिलनाडु सीएम स्टालिन की अध्यक्षता में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव डाला जाएगा। डीएमके उप महासचिव के कनिमोझी ने सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की प्रमुख महिला नेताओं को आमंत्रित किया है। गठबंधन इंडिया में शामिल पार्टियों की कई महिला नेताएं भी चेन्नई पहुंची हैं।

हरिद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, असम के सीएम बोले- सनातन धर्म नहीं हो सकता कभी खत्म

पितृपक्ष की अमावस्या के चलते आज हर की पैड़ी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। अमावस्या पर स्नान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसे में इस पुण्य का लाभ लेने के लिए सुबह-सुबह ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाने पहुंचे।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी हरिद्वार के प्राचीन नारायणी शिला मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। यहां पितरों के लिए पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि सनातन कभी खत्म नहीं हो सकता। बताया कि वह हर साल अमावस्या के दिन प्राचीन नारायणी शिला मंदिर आने की कोशिश करते है। आज भी वह पितृ अमावस्या के मौके पर नारायणी शिला मंदिर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म पर की जा रही लगातार बयान बाजी पर बोलते हुए कहा कि कुछ लोग चाहते हैं कि सनातन और सनातन से जुड़ी परंपराएं इस देश में खत्म हो जाए,लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जब वह लोग भी नहीं थे तब से सनातन धर्म था। करीब 5000 साल पूर्व से सनातन धर्म और उससे जुड़ी परंपराएं चलती आ रही है। सनातन धर्म की की परंपराएं आगे भी इसी तरह चलती रहेगी। वहीं गठबंधन द्वारा की जा रही बयान बाजी पर उन्होंने कहा कि यह जो गठबंधन के लोग सनातन धर्म पर बयानबाजी कर रहे है यह पाप का कार्य कर रहे हैं और इस पाप के लिए भारत के लोग उन्हें 2024 में जवाब देंगे ।माना जाता है कि यदि किसी को अपने पितरों की मृत्यु कि तिथि ना पता हो तो वह पितृ पक्ष के अंतिम दिन अमावस्या को पितरों को पिंडदान तर्पण कर सकता है। इससे पितरों को मुक्ति और मोक्ष मिलता है।आज के दिन किया गया दान पुण्य कभी बेकार नहीं जाता है। नारायणी शिला के पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि पुराणों में कहा गया है कि जो व्यक्ति श्राद्ध पक्ष में किसी भी वजह से श्राद्ध नहीं कर पाता है तो वह इस पक्ष के आखिरी दिन पितृ विसृजनी अमावस्या को पिंडदान श्राद्ध आदि कर दे तो पितरों को सदगति मिलती है।यह भी मान्यता है कि हरिद्वार में नारायणी शिला पर अपने सभी भूले बिसरों और पितरों का पिंडदान व तर्पण करने से उन्हें प्रेत योनि से मुक्ति मिलती है।हरिद्वार में स्थित नारायणी शिला में भगवान श्री हरि नारायण की कंठ से नाभि तक का हिस्सा है। नारायणी शिला के बारे में बताया जाता है कि यह श्री हरिनारायण का हृदय स्थल है। यहां पर आकर आप जो कुछ कहते हैं, वह भगवान को अपने हृदय में सुनाई देता है।यहां आकर जो भी अपने पितरों के निमित्त कर्म करता है, उसके पितरों को मुक्ति मिलती है।

संपादकीय Editorial

Woman vs unborn child

Abortion is legal in India. The bill was first passed by Parliament in 1971, which became law, but in 2021, some necessary amendments were made in it. In the context of abortion, two situations are considered most important. One, how many weeks is the pregnancy? Secondly, women's rights and their bodily autonomy were given top priority. Now such a hearing is going on in the Supreme Court that along with the physical autonomy of the woman, the living fetus in the womb, i.e. the unborn child, also has the rights. It cannot be terminated in view of the woman's wish. The Chief Justice of the country Justice DY Chandrachud has raised some humanitarian questions whether he should call the doctor of AIIMS and ask him to stop the heartbeat of the unborn child? The fetus cannot be killed like this. The judicial bench has clarified that an unborn child is a living and normally developed fetus. The top court will have to balance his rights with his mother's right to autonomy in decision-making. The rights of the unborn child also cannot be ignored. The matter has come before the Supreme Court through a petition by a married woman, who has come to the court seeking permission to terminate her 26-week pregnancy. However, a divided decision of two women judges has come out on this issue.

Justice BV Nagarathna has allowed abortion 'in the interest of the woman', while Justice Hima Kohli has refused permission citing concern and concern for the 'viable fetus'. As a result, judicial and medical confusion over the law and rights of abortion has increased further. This should be resolved immediately. Chief Justice Justice Chandrachud is presiding over a separate judicial bench, yet he has expressed the court's concern over the rights of the unborn child. This judicial bench has asked the Center and the petitioner's counsel to talk to the pregnant petitioner woman about the possibility of maintaining the pregnancy for a few more weeks. If the child is taken out through surgery as per the woman's request, then there is a possibility of physical and mental disorders occurring in it. Such are the findings of medical reports. Through this case, abortion has become an issue of national concern. Despite many progressive changes in the law, organizations and associated activists working in this field believe that there is still scope for improvements in the law. The period of pregnancy given in law as 20-24 weeks should be further increased. If the pregnancy is after 24 weeks and the woman wants to terminate it, there should be a provision for a decision to be taken by a medical board. This too should not prove to be a 'bad joke', because there are still such areas in our country where doctors cannot be found even after searching. Yet today it should be made absolutely clear to the medical profession and the court that the decision of the pregnant woman should be respected. Only his health should be kept under consideration. In the present case, the Government of India has intervened and said that the medical board has concluded that the fetus is alive and can take birth. In such a situation, can the woman's wishes and state of mind be ignored? The same judges whose decisions are divided today had earlier jointly ruled that a woman has full rights over her own body. However, this petition has been filed under Article 32 of the Constitution. Under this, every citizen of India can ask the apex court to protect his fundamental rights. How many women in the country are able to reach court regarding pregnancy is also an important question. The question of the rights of the unborn child has been raised by the Chief Justice himself, so this complex situation must be addressed in its entirety. The Honorable Court is also right in saying that it cannot order the destruction of the unborn child.

Where the mind is filled with fear

The dismissal of Karan Sangwan, a tutor associated with Unacademy's digital learning platform, triggered a discussion on the scope of academic freedom in Indian educational institutions. His termination followed his advice to students, in which he urged them to support educated leaders through their votes while criticizing legislative proposals related to India's criminal justice system. Two professors at Ashoka University also resigned recently, citing threat to academic freedom. Soon after Sabyasachi Das, an assistant professor, resigned over the controversy over his research paper titled "Democratic Backsliding in the World's Largest Democracy," another economics professor, Pulapre Balakrishnan, resigned in solidarity. The departments of political science, sociology and anthropology issued statements condemning the university's interference in evaluating Das's research and demanding his reinstatement. These departments also stressed the violation of academic freedom and called for an apology from the governing body. There have been persistent concerns among scholars that academic freedom is increasingly under threat due to tighter restrictions being imposed by academic institutions and threats of intimidation and harassment. The 2023 update of the Academic Freedom Index by the V-Dem Institute notes that India is part of a group of 22 countries and territories out of 179 countries and territories around the world where academic institutions and researchers have significantly more freedom than a decade ago. Have experienced less freedom. The report is based on extensive research assessing the decline in academic freedom in India since 2013. The National Education Policy 2020 emphasizes principles such as creativity, critical thinking, adherence to constitutional values, appreciation of diversity and local contexts, positive environment for students and teachers and adequate investment in a strong public education system. Despite these principles, academic freedom, which is an important catalyst for knowledge advancement, has faced significant challenges within Indian educational institutions. This is worrying because academic freedom forms the basis of a thriving education system, which promotes intellectual development, critical thinking and the advancement of knowledge. Academic freedom empowers scholars, researchers, and teachers to explore new ideas, question traditional beliefs, and push the boundaries of knowledge. It is through such investigations that unprecedented discoveries emerge and new solutions to complex problems are developed. In a 2015 interview, Amartya Sen warned that "Governments must understand that winning Lok Sabha elections does not give you permission to curtail the autonomy of educational institutions…" A strong democracy thrives on informed citizens capable of critical thinking. Is. Academic freedom plays an important role in developing this capacity by allowing teachers to present different viewpoints and encouraging students to challenge assumptions. Furthermore, academic freedom facilitates interdisciplinary collaboration, allowing experts from different fields to collaborate to solve multidisciplinary challenges. Nations that uphold academic freedom attract international scholars and researchers seeking an environment conducive to their intellectual development. By encouraging openness and innovation, India can attract global talent to its universities and research institutes. But incidents like Sangwan's dismissal and the resignation of professors at Ashoka University reveal the tensions over academic freedom in India. The freedom for scholars to express their views and offer constructive criticism without fear of retribution appears to be under threat.

How will schools become institutions?

In the concept of best school, Himachal wants to convey the message of quality in its level of education. Although the ideals of bringing quality in government services are maintained, but the picture of implementation is not taken into account, as a result the same situation returns. Obviously, many schools have opened here, but not institutions. Buildings were built, but not to shelter education. The children studied, but did not care about studying. If education is ashamed of its standards, then this incurable disease will again be put on a ventilator. The irony is that education will never die, but it will also never become healthy, as long as there is some chance to take it to the top. Now the new discovery is to put the tag of excellence on the skin of any one of the innumerable schools that have opened within a radius of five to ten kilometers. Here the standards of education will be set afresh i.e. no stone will be left unturned in the appointment of teachers so that the number of students getting admission increases. This should be an exercise, but there should also be concern as to why the general public has to depend on private sector schools. It can be assumed that the marketing of private schools has become such that parents are also sending their children there considering it as a status symbol, but due to the level of efforts and different curriculum of school education, some schools are becoming tops. Needless to say, while on one hand urban government schools have made themselves irrelevant, on the other hand, private schools which are running either under ICSE or CBSE curriculum are being preferred. In such a situation, why not Himachal Pradesh create new options for quality in education by running its selected urban schools under the CBSE curriculum. If the curriculum of Himachal Pradesh School Education Board is not able to attract an aspirant in front of CBSE, then it will also have to make some changes. Schools of excellence will be proven when the search for career is fulfilled in the list of examination results. Unfortunately, in the competition for careers, a section of students are becoming prosperous, who are dependent on the network developed between private schools and academies. On the other hand, government school education is limited to the declaration of 100% success results of the children by bringing the education to the examination system. There is no provision for career flight or alternative courses. If private schools are ahead in science and commerce careers, then government schools can go far ahead with the highest standards in Arts subjects. Along with this, the Himachal government should also think whether we are willing to increase the number of students by upgrading schools unnecessarily or are we adopting a successful model in terms of quality. If school education is to be strengthened then the number of matriculation schools should not be limited. Schools up to matriculation are also more practical because here students get courses to refine knowledge and strengthen linguistics as well as other aspects of personality development. Therefore, if a School of Excellence is to be established in a cluster of schools within a radius of five-ten kilometers, then only it will have to be up to Plus Two whereas within its periphery there should be schools only up to Class VIII or Class X. If the success model of School of Excellence is decided on the lines of Chandigarh, then it will make a lot of difference, otherwise the tune of 'quality' is very old in the education sector.

For the love of nature

Their being serious nature lovers plays an important role in the happiness of political heroes and heroines. They know that it is difficult for anyone to escape from the allurement of nature. Seeing the opportunity, he called upon the general society to participate in nature development. What could be better than getting assurance about the development of nature in a positive, democratic climate. When this happens, the natural elements also start feeling satisfied.

They feel that their good days have also come. It is important to take everyone along in development, hence during a survey the government asked intelligent people what are the five elements of nature. The administration was gratified that no one had been able to explain exactly what those elements were. The rulers called together a large gathering of people and proudly announced to enhance their knowledge that the important elements were sky, air, fire, water and earth. It was explained to the public, because the bond of development and nature is unbreakable, hence in the coming times, through development, we will establish public identity of these five elements so that no one can forget them.

Keep worshiping them as your idol, considering them an integral part of human life. The rulers and administrators, along with influential leaders, started working on ambitious plans. For many weeks, day and night, his brilliant statements were covered in the media world in which a smiling, colorful picture of his other colleagues was used. Through this picture, his very gentle, decent, simple, spiritual, social and political image was reflected. Was staying. The news was informing that on the call of enlightened rulers, based on love for nature, the nature worshiping administration has accepted the five elements of nature as essential elements of human life. The referred plan is being implemented after deep brainstorming by the team of experts so that common people can start loving nature more. They should know the importance of elements of nature.

May important parts of nature remain before the eyes of our children and young generations and may love for the environment continue to flourish. Through this medium, we get an opportunity to be proud not only at the national but also at the international level. The public felt very happy to know this. He was told that under the public scheme, five elements would be put in place in concrete form soon. Attractive, artistic, beautiful and durable sculptures of sky, air, fire, water and earth will be installed. Internationally renowned, country's renowned artists, designers and imagination experts will ensure the material, colour, shape and texture of these idols so that there is no shortage in the smooth and simple communication of the five elements. It is natural, necessary and certain that the size of these statues, which are going to be great, will be huge, just a glimpse of which will make the common man realize their importance deeply. Whoever heard about this huge plan became blessed again and again. It is a different matter that a few environment and nature lovers got angry. No one was bothered at all by his previous displeasure, this time too there was to be no difference.

आज शारदीय नवरात्र का पहला दिन, शुभ मुहूर्त में होगी कलश की स्थापना

मुरादाबाद-तैयारियों में जुटे मां के भक्त, बाजार में चुनरी, श्रृंगार सामग्री, नारियल, रोली, चंदन, धूप, अगरबत्ती, कपूर, फूलमाला की हो रही खरीदारी शारदीय नवरात्रि का रविवार से शुरू होगी। शुभ मुहूर्त में घरों व मंदिरों में कलश स्थापित कर मां दुर्गा के नौ रूपों की विधिविधान से भक्त पूजा अर्चना करेंगे। नवरात्रि में माता रानी के नौ रूपों के पूजन के लिए शनिवार को बाजार में भीड़ रही। मां के भक्त, बाजार में चुनरी, श्रृंगार सामग्री, नारियल, रोली, चंदन, धूप, अगरबत्ती, कपूर, फूलमाला की खरीदारी में जुटे हैं। वहीं कलश और मिट्टी के दीये लेने के लिए कुम्हार के दुकान पर भी भीड़ है। बाजार में 20 रूपये से लेकर 200-300 रुपये तक की चुनरी मिल रही है। दुकानदार भी नवरात्रि को देखते हुए सुबह से दुकान सजाकर बैठे हैं। मां दुर्गा की फोटो, प्रतिमा, चुनरी, बिंदी, रोली, माला, फलफूल, नारियल खरीदी जा रही है।

रविवार को शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना होगी। ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि घटस्थापना करने का समय 15 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 10-45 तक और उसके बाद 11=48 बजे से 12=56 बजे तक रहेगा। उनका कहना है कि हिंदू पंचांग के अनुसार यह शुभ अभिजीत मुहूर्त है, जिस दौरान घट स्थापना करना सबसे शुभ माना जाता है। शारदीय नवरात्रि के साथ ही खरीदारी और निवेश के लिए भी शुभ समय की शुरुआत हो चुती है. नवरात्रि में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर के दौरान ऐसे मुहूर्त बन रहे हैं, जिसमें प्रॉपर्टी, ज्वैलरी, गाड़ियों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान तक खरीदना शुभ होगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस बार नवरात्रि की शुरुआत रविवार को होने से देवी हाथी पर सवार होकर आएंगीं। देवी दुर्गा का आगमन कष्टों से मुक्ति का संकेत दे रहा है। ये सुख-समृद्धि का प्रतीक है। हाथी का संबंध विघ्नहर्ता गणेश और देवी महालक्ष्मी से भी है। इस कारण इन दिनों की गई खरीदारी शुभ होगी

और निवेश लंबे समय तक फायदा देने वाला रहेगा। 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक तिथि, वार और नक्षत्रों से मिलकर सर्वार्थसिद्धि, राजयोग, त्रिपुष्कर, अमृतसिद्धि और रवियोग बन रहे हैं। इन शुभ संयोगों से सुख और समृद्धि बढ़ेगी।

मुरादाबाद में रामलीला मंच पर राम-लक्ष्मण के पात्रों में मैच का उत्साह, बोले- जीतेगी टीम इंडिया

मुरादाबाद-भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर सभी में उत्साह बना हुआ है। मुरादाबाद में रामलीला के मंच पर राम-लक्ष्मण समेत अन्य कलाकारों ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत के जीत की कामना की। रावण के पात्र ने भारत के जय के नारे लगाए। इससे वहां मौजूद लोगों में भारी उमंग और उत्साह देखा गया मुरादाबाद की लाजपत नगर रामलीला के मंच पर विश्व कप के भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का उत्साह अलग तरीके से देखने को मिला। राम-लक्ष्मण व अन्य पात्र हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत के जीत की कामना कर रहे थे। लाजपत नगर रामलीला मैदान में भारत की जीत को तय मानते हुए आतिशबाजी के विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। रामलीला कमेटी के पदाधिकारी श्याम कृष्ण रस्तोगी का कहना है कि वर्षों बाद बड़े मंच पर भारत व पाकिस्तान की रोमांचक भिड़त हो रही है। इसे लेकर सभी में उत्साह है। उधर अमरोहा में टीम इंडिया के प्रति समर्थन और उत्साह दिखाने के लिए एक चित्रकार ने कोयले से दोनों टीमों के कप्तानों का दीवार पर चित्र तैयार किया है। जुहैब अली ने दीवार पर 15 फीट का चित्र बनाने के बाद कहा कि उम्मीद है कि यह मैच भारत जरूर जीतेगा। लोगों के प्यार को प्रदर्शित करने के लिए दीवार पर लकड़ी के कोयले से चित्र तैयार किया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि भारत मैच जीत जाए। एमपीएस स्कूल में मैच का लाइव प्रसारण- भारत-पाक मैच का लाइव प्रसारण एमपीएस स्कूल में किया जा रहा है। स्कूल के मैदान में क्रिकेट एके डमी संचालक मिर्जा दानिश आलम का कहना है कि वह बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर मैच का प्रसारण खिलाड़ियों को दिखाएंगे।

इसमें शहर के गणमान्य लोगों व अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। भारतीय टीम मैच जीतेगी तो आतिशबाजी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 100 से ज्यादा बच्चे मैच को लाइव देखेंगे। बाजार में दिख रहा कोहली के बल्ले का कमाल- क्रिकेट विश्वकप को लेकर शहर का बाजार भी तैयार हो चुका है। इस बार कोहली का एमआरएफ स्टिकर वाला बल्ला खूब धमाल मचा रहा है। भारतीय टीम अब तक दो मैच जीती है। दोनों में कोहली ने अच्छी पारी खेली है। कोहली की बल्लेबाजी के बाद लोगों की दीवानगी का असर बाजार में भी देखने को मिल रहा है। एमआरएफ के स्टिकर वाले बैट सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। मखीजा स्पोर्ट्स के नाम से खेल सामग्री की दुकान चलाने वाले मोहम्मद तारिक ने बताया कि उनकी दुकान पर एमआरएफ स्टिकर वाला सिर्फ एक बैट बचा है। तारिक का कहना है कि 2011 वर्ल्डकप में जो खुमारी सचिन की बल्लेबाजी के लिए देखी जाती थी, अब कोहली को लेकर लोगों में वही प्रेम और जुनून है। यही कारण है कि उन्होंने एमआरएफ के और बैट मंगाने के लिए मेरठ ऑर्डर भेज दिया है। इसी तरह लेदर की फोर पीस बॉल भी उनके पास खत्म हो चुकी है।

वहीं बुध बाजार स्थित एटलांटिक स्पोर्ट्स के विक्रेता की मानें तो बल्ले जरूर बिक रहे हैं लेकिन विश्वकप का लोगो कहीं देखने को नहीं मिल रहा। उन्होंने बताया कि साधारण जर्सी तो लोग खरीद रहे हैं लेकिन भारतीय टीम की ब्लू जर्सी सिर्फ ऑर्डर पर तैयार की जा रहीं हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक रिश्तेदार के लिए उन्होंने 12 जर्सी तैयार करवाई हैं। इसी तरह ऑनलाइन बुक किए गए ऑर्डर पंच करने वाले स्टाफ का कहना है कि संभल तक के क्रिकेट सामग्री की बुकिंग कर रहे हैं। संभल के लड़कों ने हाल ही में कई बैट और जर्सी मंगाई हैं। इन दिनों लोग ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर अच्छे ऑफर चुन रहे हैं।

डॉक्टर रईस आगा ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश जनपद मुरादाबाद के झोला छाप डाक्टरों व बगैर किसी लाइसेंस के चल रहे गली मौहल्लों में मेडिकल स्टोरों पर कब कार्यवाही की जाएगी जाहिद नगर व रहमत नगर गली नं0 8 में लगभ 20 से ज्यादा मेडिकल स्टोर हैं इन मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस चेक किया जाए और यह भी चेक करें कि यह लोग हर गंभीर बीमारी का इलाज कैसे कर रहे हैं क्याइलाज करने के लिये इनके पास कोई डिग्री है, डेंगू जैसी बीमारी का इलाज किया जा रहा है और मोटे पैसे गरीब मरीजों से वसूले जा रहे हैं कुछ के यहां एडमिट करने की भी सुविधा बना रखी है स्वास्थ्य विभाग इन चीजों से क्यों अनजान है मेडिकल स्टोरों व झोला छाप डाकटरों पर सुअस्त विभाग किस कारण मेहरबान है। करूला क्षेत्र में पैथलैब कॉफी संख्या में हैंजो 20 मिनट में रिपोर्ट तैयार करके मोटी रकम वसूल रहे हैं तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है

नशे में धुत चिकित्सक ने कार से ठेले वाले को मारी टक्कर, घायल

मुरादाबाद-सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में गुरुवार रात कार चालक चिकित्सक ने ठेले में टक्कर मार दी। इसमें ठेला लगाने वाला वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल के परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने नशे में टक्कर मारी है। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मधुबनी निवासी संतोष शर्मा (65) मोहल्ला में चाय-पकौड़ी का ठेला लगाते हैं। परिवार में पत्नी लता शर्मा और एक बेटा संदीप शर्मा है। रिश्तेदार मंजू शर्मा ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे वह ठेला लेकर घर लौट रहे थे। तभी नशे में धुत कांठ रोड निजी अस्पताल के चिकित्सक ने ठेले में कार से टक्कर मार दी। जिससे संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में चिकित्सक उन्हें अपने निजी अस्पताल लेकर आ गया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक घायल का सही से इलाज नहीं कर रहे हैं। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा है। परिजनों को घायल से नहीं मिलने दे रहे हैं। इस संबंध में सिविल लाइन्स थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर जांच चल रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

दुकान में बहाने से बुलाकर बच्चे से गंदी हरकत, केस दर्ज होने पर खा लिया जहर, मौत के बाद हंगामा

मुरादाबाद-एसएसपी ने बताया कि दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उस पर पहले भी मुकदमा दर्ज है। दूसरे पक्ष के आरोपों की जांच की जा रही है। आठ साल के बालक से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज होने के बाद जहर खाने वाले 45 वर्षीय दुकानदार आदिल रशीद की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बालक की मां पर झूठा केस दर्ज कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बिलारी थाने में दस अक्तूबर एक महिला ने किराना दुकानदार आदिल रशीद के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें महिला ने बताया था कि उसका आठ वर्षीय समय राशन की दुकान से लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी दुकानदार ने उसके बेटे को रोक लिया। आरोप लगाया था कि वह बालक को दुकान के अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज होने से आहत आदिल ने 11 अक्तूबर की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया था। आदिल और उसके परिजनों का यह भी कहना था कि विरोधियों ने साजिश के तहत उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जहर खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी। इसके बाद परिजन सीएचसी बिलारी ले गए, यहां से उसे मुरादाबाद अस्पताल भेज दिया गया था। शुक्रवार दोपहर अस्पताल में आदिल की मौत हो गई। मृतक आदिल रशीद की पत्नी अन्य परिजनों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची और एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें महिला ने बताया कि उसके पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया था। केस दर्ज करने वाली महिला और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आदिल रशीद की पत्नी ने बताया कि बालक की मां और बिलारी के एक हल्का दरोगा पर प्रताड़ित का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उत्पीड़न से तंग आकर पति ने आत्महत्या की है। उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया है। आदिल रशीद के खिलाफ बालक से दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज किया गया है। इससे पहले भी उसके खिलाफ दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज हुआ था। परिवार की ओर से प्रार्थना पत्र मिला है। जिसमें झूठा केस दर्ज कराने का आरोप लगाया है। इस मामले की जांच कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। - हेमराज मीना, एसएसपी आरोपी उधारी वापस मांगने पर दर्ज कराया केस आदिल रशीद की पत्नी शादाब परवीन का आरोप है कि मुकदमा लिखवाने वाली महिला पर उसके पति के तीन हजार रुपये उधार थे। आठ अक्तूबर को पुनः संबंधित महिला उसके पति की दुकान पर आई और पांच हजार रुपये का किराना सामान पैक करा लिया था। वह फिर से उधार करने लगी थी। जब उसके पति ने उधार सामान देने से मना किया तो उसने गाली गलौच की और देख लेने की धमकी देते हुए चली गई थी। शादाब परवीन का यह भी आरोप है कि 11 अक्तूबर की दोपहर उसके पति की दुकान पर पहुंचकर महिला ने मुकदमा वापस लेने के बदले छह लाख रुपये लेने की मांग की थी। कस्बा चौकी पुलिस ने गलत तरीके से उसके पति के भांजे को दुकान से उठाकर थाने ले गई थी और प्रताड़ित किया।

कोर्ट की तल्ख टिप्पणी...निजी लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला, नरमी नहीं बरत सकते

मुरादाबाद-रामपुर कारतूस कांड के सभी दोषियों को दस साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि दोषियों पर कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी थी, लेकिन उन्होंने सिर्फ और सिर्फ लाभ कमाने के मकसद से संगठित अपराध को अंजाम दिया। मामले में मुख्य आरोपी दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। रामपुर की विशेष अदालत ने नक्सलियों को कारतूस बेचने वाले बीस जवानों समेत 24 दोषियों को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई। सभी दोषियों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इनमें 16 पुलिसकर्मी, पीएसी के दो जवान, सीआरपीएफ के दो हवलदार और चार आम नागरिक हैं। जबकि, मुख्य आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। विशेष जज विजय कुमार द्वितीय की अदालत ने शुक्रवार को दोषियों को सजा सुनाई।इस दौरान सभी दोषी कोर्ट में मौजूद रहे। सीआरपीएफ के दोनों हवलदारों विनोद व विनेश को आर्म्स एक्ट में सात साल की कैद और 10-10 हजार रुपये के अतिरिक्त जुर्माने की सजा सुनाई गई। इनकी सजाएं एक साथ चलेंगी। सजा सुनाते वक्त कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, दोषियों ने निजी लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा तक को खतरे में डाल दिया। इस सांठगांठ में चार नागरिक भी शामिल हैं।दोषियों पर कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी थी, लेकिन उन्होंने सिर्फ और सिर्फ लाभ कमाने के मकसद से संगठित अपराध को अंजाम दिया। इनका नेटवर्क यूपी के विभिन्न जिलों में फैला था। दोषी सैन्यबल से थे, इसलिए नरमी के हकदार नहीं हैं। उन्हें कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। सजा सुनाए जाने के बाद सभी दोषियों को वापस जेल भेज दिया गया। बृहस्पतिवार को पुलिस, पीएसी व सीआरपीएफ के 20 कर्मियों के साथ चार अन्य को दोषी करार दिया गया था। अब भी सेवा में हैं 14 पुलिसकर्मी कोर्ट ने जिन पुलिसकर्मियों को सजा सुनाई है, उनमें से 14 अभी नौकरी में हैं। सजायाफ्ता 24 लोगों में से सीआरपीएफ के दोनों हवलदार व चार पुलिस कर्मी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके अलावा, इसमें चार नागरिक भी हैं, जो कारतूस की आपूर्ति करने का काम करते थे।एसटीएफ के अफसरों ने ग्राहक बनकर दबोचा कारतूस कांड में सजा पाने वाले नाथीराम सैनी को पकड़ने के लिए एसटीएफ अफसरों ने ग्राहक बनकर जाल बिछाया था। पुलिस अकादमी के आर्मोरर नाथीराम को जिस सौदागर को कारतूसों की सप्लाई देनी थी, एसटीएफ ने उसे रामपुर में दबोच लिया था। उस सौदागर ने अफसरों को कोड नंबर बताया था। जब अफसरों ने वही कोड नंबर नाथीराम को बताया, तो उसने 400 कारतूसों से भरा बैग उन्हें थमा दिया था।13 साल बाद फैसला...सजा सुनते ही फफक पड़े वर्दीधारी वर्दीधारियों ने किस तरह आयुध भंडार के साथ ही मालखानों में सेंधमारी कर कारतूस और हथियारों का घोटाला किया, इसकी पूरी कहानी 85 पेज के कोर्ट के फैसले में दी गई है। 13 साल पुराने इस केस में नौ गवाह बनाए गए थे। कोर्ट ने जैसे ही सजा का एलान किया, सीआरपीएफ के रिटायर्ड हवलदार समेत ज्यादातर दोषी फफक पड़े।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

नदी किनारे किसी भी दशा में शव दाह ना हो, नदी के किनारे वाली ग्राम पंचायतों में अन्त्येष्टि स्थल बनाया जाना सुनिश्चित करें – जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने नगर निगम सहित नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत में पॉल्यूशन एक्शन प्लान अपलोड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार तत्काल एक्शन प्लान अपलोड किया जाए। उन्होंने जनपद में बायोमेडिकल वेस्ट के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा कौन-कौन सी एजेंसी बायो मेडिकल वेस्ट कलेक्ट करती हैं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ताकीद करते हुए समस्त अधिशासी अधिकारियों सी कहां की किसी भी दशा में नदियों में नालों का गंदा पानी न जाए, इसे गंभीरता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट करहेंतर्गत समस्त

अधिशासी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव दिया तथा विभिन्न विभागों से आंकड़े उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में नदी किनारे कोई ऐसा गांव तो नहीं है जहां पर्यावरण दूषित हो रहा है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया की प्रमुख नदियों के किनारे बसे गांव मे नदी किनारे शवदाह ना हो इसे कड़ाई से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी समस्त ग्राम पंचायत में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने नदी के घाटों के सौंदर्यीकरण हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि नगर पालिका, नगर पंचायत एवं नगर निगम में नालों का गंदा पानी किसी भी दशा में नदियों में न जाए। उन्हें टैप करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, प्रभागीय वन अधिकारी एम पी गौतम, डीडीओ सुनील कुमार, उपायुक्त मनरेगा शिखर श्रीवास्तव, डीपीआरओ जे आर गौतम, डीएसओ उमेश चंद सहित उच्च शिक्षा, बेसिक शिक्षा, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाओं को प्रोत्साहित करने संघर्ष महिला संगठन कार्यालय पहुंची डीएसपी धर्मपत्नी सारिका सक्सेना

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी-कल्चर डांडिया नाइट्स में अब कुछ दिन ही शेष हैं, लेकिन आयोजन से ठीक पहले झांसी के आसपास के क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्सुकता दिन - प्रतिदिन बढ़ती जा रही है क्लासेस में महिलाओं को प्रेरित एवं उत्सवर्धन करने के लिए प्रतिदिन मात्र शक्तियों का संघर्ष महिला संगठन कार्यालय पर आवागमन हो रहा है, इसी क्रम में आज महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अतिथि सारिका सक्सेना धर्मपत्नी डिप्टी एसपी (मुरादाबाद) संघर्ष महिला संगठन कार्यालय पहुंची। संघर्ष महिला संगठन की अध्यक्ष सपना संदीप सरावगी ने अतिथि सारिका सक्सेना को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत पश्चात डांडिया क्लासेस में सारिका सक्सेना ने डांडिया क्लासेस में उपस्थित महिलाओं से परिचय प्राप्त किया। कल्चरल डांडिया नाइट्स को लेकर तैयारीयों का हाल जाना। अंत में महिलाओं को कल्चरल डांडिया नाइट्स के प्रति प्रोत्साहित एवं उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सारिका सक्सेना ने कहा कि माँ दुर्गा इस सम्पूर्ण संसार को जन्म देने वाली आदि शक्ति का ही अवतार है 7 हिन्दू धर्म में आदि शक्ति की तुलना उस परमब्रह्म से की गयी है जो इस संसार के पालनकर्ता है 7 हिन्दू धर्म में सभी देवों की तुलना में माँ दुर्गा को शीर्ष का दर्जा दिया हुआ

है, हिंदू मान्यतानुसार दुर्गा मां को खुश करने के लिए हम डांडिया व गर्भा करते हैं, वास्तविकता में डांडिया लोगों के जीवन में सुख समृद्धि लाता है, साथ ही साथ डांडिया एक अच्छा व्यायाम भी है इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनिया सिंह, उपाध्यक्ष रचना कुदरिया, महासचिव शैफाली अग्रवाल, सचिव सिमरित जज्ञासी, प्रोग्राम डायरेक्टर कल्पना पटेरिया, डायस मेंबर नंदिनी गौर, सीमा वर्मा, भारती खंडेलवाल, प्रिया सेठ, अंजलि अग्रवाल, अर्जुनी अग्रवाल, कशिश अग्रवाल, अमृता बंसल, दिव्या भोगल, प्रेरणा सहवानी, डॉ0 पारूल गुप्ता, प्रियंका नाछेला, लवली गुप्ता, निधि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रेरणा हजेला, रक्षा शर्मा, कल्पना पटेरिया, डॉ0 मोनिका गोस्वामी, चांदनी हयारन, अंजलि त्रिपाठी, वर्षा त्रिपाठी, शिल्पी चावला, अंकिताअग्रवाल, छवि तिवारी, आकांक्षा अग्रवाल, सिल्की अग्रवाल, ओमनी राय, कनन सहवानी, नंदिनी अग्रवाल, नेहा तिवारी, राधा अग्रवाल, ममता नीखरा, जया पमनानी, सैफाली सलूजा, प्रियंका पारीक्षा, अकांछा अग्रवाल, पूनम गोविंदानी, पूजा खुराना, अंजू सोनी, दीपा अग्रवाल, वर्षा त्रिपाठी, ज्योति नगरिया, अंजलि नगरिया, कल्पना नागवानी, डोली श्रीवास्तव, सुनीता अग्रवाल, मोनिका गोयल, नम्रता गुप्ता, दीपाली अग्रवाल, शैलजा अग्रवाल, शालू गर्ग, मधु गोयल, निशा श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, मोना राय, भावना सोनी, नेहा, दीपाली अग्रवाल, डॉ0 फैरी, हिना, जसप्रीत चावला, कल्पना नागवानी, कविता महेश्वरी, नीति अग्रवाल, नीति, नेहा विजयवर्गिया, निकिता मित्तल, निशा श्रीवास्तव, प्रीति अग्रवाल, प्राची गुप्ता, प्रीति बाजपेई, रितिका, रूमा बजाज, संचिता अग्रवाल, शैफाली अग्रवाल, शैलजा, शालिनी अग्रवाल, शालू गर्ग, शैफाली, शिल्पा मिश्रा, शिविन गोयल, स्मृति चड्ढा, स्वप्निल अग्रवाल, स्वाति बहेल, बन्नी, मनीषा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, निधि शर्मा, प्रियंका गर्ग, रूपाली गर्ग, तमन्ना राय, पूजा रायकवार, शैफाली आदि उपस्थित रहीं।

नवरात्र आज से शुरू, मां काली देवी के पास गंदगी का अंबार

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा

बरेली। शहर के बीचों बीच कालीबाड़ी स्थित मां काली देवी मंदिर के पास का है यह नजारा, जबकि नवरात्र कल से शुरू होने वाले हैं और साफ सफाई के नाम पर नगर निगम केवल दिखावा करते हुए। आज से नवरात्र की शुरुआत हो रही है, लेकिन अब तक देवी मंदिरों के आसपास सफाई नहीं हो सकी है। मंदिरों के आसपास कूड़े के ढेर लगे हैं। गंदगी बजबजा रही है। इससे पूजा के लिए मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को भारी मुसीबत झेलनी पड़ेगी। अगर नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी नहीं चेते तो श्रद्धालुओं को गंदगी के अंबार से होकर मां के दर्शन को जाना पड़ेगा। बता दें कि पूरे नवरात्रों भर काली मां के मंदिर में मेले जैसा माहौल रहता है, हर दिन इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती हैं, वहीं कूड़े का ढेर नवरात्र से पहले निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की गंभीरता को मुंह चिढ़ा रहा है।

नवरात्रि के अवसर पर डायवर्जन लागू

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- दिनांक 15.10.2023 से दिनांक 27.10 2023 (समय प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक) तक कालीबाडी क्षेत्र में माँ काली देवी का प्रचीन मन्दिर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के एकत्रित होने के दृष्टिगत कालीबाडी मन्दिर की तरफ, श्यामगंज तिराहा व बरेली कॉलेज चौराहा की तरफ से कोई भी भारी वाहन, रोडवेज बस, ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा नहीं जायेंगे। उक्त वाहन श्यामगंज चौराहा व बरेली कालेज, चौराहा से होकर अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। कालीबाड़ी मन्दिर के दर्शनार्थियों के लिए निजी वाहन (04 पहिया) ले जाने पर उक्त प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा। कालीबाड़ी मन्दिर पर जाने वाले श्रद्धालु आपने निजी वाहन (04 पहिया) बरेली कालेज के अन्दर पार्क करेंगे तथा बुजुर्ग एवं बीमार श्रद्धालु अपने निजी वाहन (04 पहिया) कालीबाड़ी मंदिर तक ले जा सकेंगे।

आयुष्मान जागरूकता रैली एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत प्रगति रथ संस्था एवं कमला मॉर्डन नर्सिंग इस्टीट्यूट के शिक्षकों एंव छात्र/छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन रेलवे बर्कशॉप (गडियाफाटक) से प्रेमनगर थाना तक किया गया. जिसमे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन थाना प्रेम नगर के सामने स्थित अग्रवाल पैलेस में किया गया। जहॉ समस्त प्रकार की बीमारियों के साथ साथ आयुष्मान कार्ड एंव अंगदान के बारे मे भी जागरूक किया गया। हृदय रोगों के साथ, बीपी, शुगर, ईसीजी, आदि परीक्षण भी निशुल्क किए गए। जिसमें प्रगति रथ से डॉ संध्या चौहान

(सचिव), विजय चौहान (संस्थापक), डां प्रकाश कुमार (वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ), डां रजत मिसुरया (चैयरमेन कमला मॉर्डन नर्सिंग इस्टीट्यूट), डा. अर्चना मिसुरया (महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झाँसी) तथा डा. मातादीन राजपाली (जनरल फीजिशियन कमला हॉस्पिटल झांसी) ने स्वास्थ्य शिविर में अपना बहुमूल्य समय देकर लोगो को स्वास्थ्य एंव सरकारी आयुष्मान योजना के बारे में बताया। आयुष्मान भवः सेवा पखवाडे एंव स्वास्थ्य शिविर में कमला मॉर्डन नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डा. रोविन जोसेफ, उपप्राचार्य स्वाति न्यूटन, सीनियर ट्यूटर दशरथ सिंह, निकिता दास एंव समस्त शिक्षिक शिक्षिकायें एंव छात्र/छात्रायें तथा प्रगति रथ से तेजेन्द्र चौहान, जरीना खातून, सुमन रायक्कार, कालीचरण वर्मा, नगरा उपस्वास्थ्य केन्द्र से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये आशाये एवं जितेन्द्र भी उपस्थित रहे।

डाक्टर मेधावी अग्रवाल के नेतृत्व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

